मुख्यमंत्री का कार्यालय
(जनसंपर्क कोषांग)
बिहार सरकार
प्रेस विज्ञप्ति

संख्या–cm-193
22/06/2019

मुख्यमंत्री के समक्ष जल संसाधन विभाग का प्रस्तुतीकरण

पटना 22 जून 2019 :– 1 अणे मार्ग स्थित संकल्प में मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार के समक्ष जल संसाधन विभाग द्वारा बागमती बाढ़ प्रबंधन योजना फेज–3बी तथा भू–अर्जन एवं पुनर्वास निदेशालय का विघटन के संबंध में प्रस्तुतीकरण दिया गया। जल संसाधान विभाग के अपर मुख्य सचिव श्री अरुण कुमार सिंह ने प्रस्तुति के क्रम में बताया कि बागमती बाढ़ प्रबंधन योजना को पांच चरणों में पूरा करना है, इसके लिये भारत सरकार से अनुमति मिल चुकी है। इसमें कुछ चरणों का काम पूरा हुआ है, बाकी चरणों को तेजी से पूर्ण करने के लिए भी कार्य किया जा रहा है। लैंड एक्युजेशन, एंटी फ्लड स्वीस, इन्बैकमेंट आदि के निर्माण के बारे में भी जानकारी दी गयी।

समीक्षा के क्रम में मुख्यमंत्री ने कहा कि इस योजना को बेहतर ढ़ंग से पूर्ण करने के लिये कार्य करें। अधिकारीगण साइट पर जाकर देख लें, इसकी विस्तृत जानकारी प्राप्त कर लें और तेजी से काम को पूर्ण करें। जहॉ काम बचे हुये हैं, वहॉ भूमि अधिग्रहण का काम भी जल्द से जल्द शुरु करें। इस परियोजना के पूर्ण होने से उस क्षेत्र के लोगों को संतुष्टि होगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि भू–अर्जन के लिए जल संसाधन विभाग अपने इंजीनियरों को भी ट्रेनिंग दे।

बैठक में जल संसाधन मंत्री श्री संजय झा, मुख्यमंत्री के परामर्शी श्री अंजनी कुमार सिंह, मुख्य सचिव श्री दीपक कुमार, विकास आयुक्त श्री सुभाष शर्मा, जल संसाधन विभाग के अपर मुख्य सचिव श्री अरुण कुमार सिंह, ऊर्जा विभाग के प्रधान सचिव श्री प्रत्यय अमृत, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव श्री चंचल कुमार, मुख्यमंत्री के सचिव श्री मनीष कुमार वर्मा, मुख्यमंत्री के सचिव श्री अनुपम कुमार, मुख्यमंत्री के विशेष कार्य पदाधिकारी श्री गोपाल सिंह, मुख्यमंत्री सचिवालय के अपर सचिव श्री चंद्रशेखर सिंह, जल संसाधन विभाग के तकनीकी सलाहकार श्री इंदू भूषण कुमार सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

******